हरियाणा में विनेश फोगाट के भव्य स्वागत की तैयारी

चर्चा में क्यों?

सूत्रों के अनुसार, **हरियाणा सरकार** पेरिस ओलंपिक फाइनल में अयोग्य घोषित होने के बावजूद पहलवान **विनेश फोगाट के भव्य स्वागत की तैयारी कर रही है।**

मुख्य बिंदु

- हरियाणा के मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि फोगाट, जो ओलंपिक **कुश्ती फाइनल के लिये अर्हता प्राप्त करने वाली पहली भारतीय महिला बनीं,** को **पदक विजेता के रूप में सम्मानित किया जाएगा।**
  - **हरियाणा** सरकार ओलंपिक खेलों में **स्वर्ण पदक विजेताओं को 6 करोड़ रुपए, रजत पदक विजेताओं को 4 करोड़ रुपए तथा कांस्य पदक विजेताओं को 2.5 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि** देने की घोषणा कर रही है।
  - विनेश फोगाट **50 किलोग्राम वर्ग में प्रतिस्पर्द्धा कर रही थीं और वज़न माप के दौरान उनका वज़न 100 ग्राम अधिक पाया गया,** जिसके कारण उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया।
  - उन्होंने **कुश्ती से भी संन्यास की घोषणा** कर दी है।

ओलंपिक

- **परिचय:**
  - **ओलंपिक एक अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजन है जो हर चार वर्ष में आयोजित होता है।**
    - ओलंपिक का लक्ष्य **खेल के माध्यम द्वारा मानव जाति का विकास करना तथा विश्व शांति में योगदान देना है।**
  - ओलंपिक में शामिल हैं: **ग्रीष्मकालीन खेल, शीतकालीन खेल, युवा ओलंपिक खेल।**
- **इतिहास एवं उत्पत्ति:**
  - ओलंपिक की जड़ें लगभग **3,000 वर्ष पहले प्राचीन ग्रीस के पेलोपोन्नीज़ क्षेत्र में पाई जाती हैं।**
  - यद्यपि सटीक प्रारंभ तिथि अनिश्चित बनी हुई है, **फिर भी ऐतिहासिक अभिलेखों में 776 ई.पू. का उल्लेख सामान्यतः किया गया है।**
    - **पियरे डी कुबर्तिन की योजना** के आधार पर पहला आधुनिक ओलंपिक 1896 में **एथेंस, ग्रीस में आयोजित किया गया था।**
- **ओलंपिक रिंग्स:**
  - ओलंपिक प्रतीक में सफेद पृष्ठभूमि पर विभिन्न रंगों **(नीला, पीला, काला, हरा और लाल) के पाँच परस्पर जुड़े हुए छल्ले होते हैं।**
  - ये छल्ले **विश्व के पाँच महाद्वीपों का प्रतिनिधित्व करते हैं तथा खेलों के माध्यम से राष्ट्रों की एकता और विविधता** का प्रतीक हैं



PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/haryana-pans-grand-welcome-for-vinesh-phogat